तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 मर्दापाल ने जीती गुण्डाधूर ट्रॉफी, कांकेर को हराकर...



13 मां दंतेश्वरी की पावन धरा से निकली सेवा ज्योति यात्रा



खबर संक्षेप

बस्तर में बाढ़ प्रभावितों को 9.39 करोड़ की राहत राशि जारी

जगदलपुर। बस्तर अंचल में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से हुई मूसलाधार बारिश और ओडिशा के खातीगुड़ा व मुरान बांधों से छोड़े गए पानी के चलते उत्पन्न भीषण बाढ़ की स्थिति के बीच जिला प्रशासन ने राहत एवं पुनर्वास कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर रखा है। आपदा से प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से अब तक कुल 9 करोड़ 39 लाख 29 हजार 898 रुपये की राहत राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस वित्तीय सहायता में सबसे बड़ा हिस्सा मकानों की क्षतिपूर्ति के रूप में दिया गया है, जिसके तहत कुल 8 करोड़ 78 लाख 15 हजार 398 रुपये वितरित किए गए हैं। इसमें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 8 करोड़ 2 लाख 23 हजार 391 रुपये तथा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 75 लाख 92 हजार 7 रुपये की सहायता शामिल है। इसके अतिरिक्त घरों में रखे बर्तन व अन्य घरेलू सामग्रियों के नुकसान के एवज में प्रभावितों को 52 लाख 45 हजार रुपये, जनहानि के मामलों में आश्रितों को 8 लाख रुपये का मुआवजा और पशुहानि के मामलों में 69 हजार 500 रुपये की राहत राशि का त्वरित भुगतान किया गया है।

सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 11 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय के अंतर्गत सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 11 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। शहर में इस परीक्षा के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2803 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में प्रशासन ने निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के लिए कड़ी व्यवस्था की जा रही है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पूर्व अपने आवंटित केंद्र पर पहुंचना होगा, जहां मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से उनकी सघन जांच की जाएगी।

मतदाता सूची सुधार का विशेष अभियान शुरू

जगदलपुर। बस्तर जिले में छूटे हुए और नए पात्र युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के अनुसार यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन और नाम जोड़ने की औपचारिकताएं पूरी करेंगे। नागरिक घर बैठे डिजिटल माध्यम से भी नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप या आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म 6 के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी पात्र नागरिकों से अभियान में भाग लेकर मताधिकार सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

बस्तर दशहरा के विजय रथ निर्माण में जुटे कारीगर, सुकमा जमींदार परिवार ने बढ़ाया मनोबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर दशहरा का विजय रथ सिर्फ लकड़ी, रस्सी और कीलों से तैयार नहीं होता, बल्कि इसके पीछे पीढ़ियों से चली आ रही आस्था, परंपरा और निस्वार्थ सेवा की कहानी जुड़ी है। इसी परंपरा को जीवित रखने झाड़उमरगांव और बेड़ाउमरगांव से पहुंचे बुजुर्ग बढ़ई कारीगर इन दिनों दिन-रात रथ निर्माण में जुटे हैं। 60 से 70 वर्ष के बीच, हाथों में हथौड़ी और सामने विशाल लकड़ियां लिए इन कारीगरों की मेहनत को सम्मान देने सुकमा जमींदार परिवार के सदस्य कुमार जयदेव आगे आए। रथ निर्माण स्थल पर कारीगरों से मुलाकात के दौरान कुमार जयदेव ने उनकी समस्याएं सुनीं। कारीगरों ने बताया कि बारिश और बाढ़ के कारण इस वर्ष वे करीब 8 दिन विलंब से पहुंचे। प्रशासन की ओर से राशन-पानी की व्यवस्था मिल रही है, लेकिन महंगाई के दौर में रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर कुछ परेशानी है। यह सुनकर जयदेव ने तत्काल 50 हजार की सहयोग राशि देने की घोषणा की। साथ ही दशहरा की परंपरा के अनुसार बकरे की व्यवस्था करने और कारीगरों के लिए रोज सुबह गर्म नाश्ते का प्रबंध कराने की बात कही। इस मौके पर सिकन्दर ठाकुर, रथ निर्माण के प्रमुख दलपति, जगन्नाथ मंदिर के पुजारी शुभारांशु पाढ़ी, मावली मंदिर के पुजारी अनिल ठाकुर, ⏭ शेष पेज 12 पर

बारिश के कारण 8 दिन विलंब से पहुंचे कारीगर

पीढ़ियों की परंपरा

रथ निर्माण दल के मुखिया मोतीराम नाग ने बताया कि उनके दादा-परदादा भी इसी सेवा में जुटते रहे और अब यह जिम्मेदारी उनकी पीढ़ी निभा रही है। कारीगरों का कहना है कि वे किसी विशेष मांग को लेकर यहाँ नहीं आते। बदलते समय में जब खर्चों की जरूरत बढ़ी है, तब समाज और जनप्रतिनिधियों की ओर से मिलने वाला सहयोग उनका मनोबल बढ़ाता है।



मजदूरी नहीं, माई की सेवा

संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि ये कारीगर यहां मजदूरी करने नहीं, बल्कि माई दंतेश्वरी की सेवा करने आए हैं। वे खुद को अकेला न समझें, उनका सम्मान और सुविधा सुनिश्चित करना समाज की जिम्मेदारी है। ये कारीगर अपने साथ घर से औजार और कई जरूरी संसाधन लेकर आते हैं। यहां तक कि रस्सी और रथ निर्माण में उपयोग होने वाली कई चीजें भी वे स्वयं तैयार करते हैं। ऐसे में उनकी सेवा को केवल मेहनत या मजदूरी के रूप में देखना बस्तर की परंपरा की भावना को छोटा करना होगा।

बस्तर ओलंपिक में इस वर्ष 10 लाख पंजीकरण का लक्ष्य

माड़िया चौक अब बना विकसित भारत चौक, वन मंत्री की अगुवाई में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में 'सेवा ज्योति' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना। कार्यक्रम के शुभारंभ पर वन मंत्री केदार कश्यप ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ बस्तर के बदलते स्वरूप को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था और आज उनकी जनसेवा के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन ढाई दशकों में बिना रुके और पूरी निष्ठा के साथ की गई सेवा हर नागरिक के लिए प्रेरणा है।

वन मंत्री ने कहा कि बस्तर ने करीब चार दशकों से अधिक समय तक नक्सलवाद की जिस गहरी पीड़ा और भय को झेला है, उससे मुक्ति प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प से ही संभव हो सकी है। इसके परिणामस्वरूप अब यहाँ की आने वाली पीढ़ी सुरक्षित वातावरण में अपने सपनों को साकार करेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त राशन और आयुष्मान भारत योजना से करीब 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की गारंटी देकर विश्व का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच दिया गया है। वहीं उज्ज्वला, पीएम आवास और जल जीवन मिशन ने ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव किया है। युवाओं और खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए केदार कश्यप ने आगामी बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जहां 3 लाख 91 हजार से अधिक युवाओं ने इसमें भागीदारी की थी, वहीं इस वर्ष 10 लाख से अधिक पंजीकरण कराने का लक्ष्य है। इसके लिए उन्होंने पंच, सरपंच और पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधियों से खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा, तब छत्तीसगढ़ और बस्तर विकसित भारत की अग्रिम पंक्ति में खड़े होंगे।



बाइक रैली और नामकरण



सेवा ज्योति यात्रा के अंतर्गत वन मंत्री कश्यप की अगुवाई में क्रीड़ा परिसर से एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। इस आयोजन में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल और जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। सैकड़ों दोपहिया वाहनों का काफिला यूनिवर्सिटी चौक, अनुपमा चौक, अग्रसेन चौक और मिताली चौक होते हुए शहीद पार्क पहुंचा। यहां रैली पदयात्रा में तब्दील हो गई। शहीदों को नमन करते हुए यह समूह पैदल मार्च करते हुए माड़िया चौक पहुंचा। इस प्रमुख चौराहे का औपचारिक नामकरण 'विकसित भारत चौक' के रूप में किया गया, जहां उपस्थित जनसमूह ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

1.80 लाख के नशीली टेबलेट लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.80 लाख का अवैध प्रतिबंधित टेबलेट बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

- गंगामुण्डा चौपाटी में बोधघाट पुलिस ने रेड मारकर की कार्रवाई

नशीली टेबलेट बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी सुखनंदन सिंह राठौर के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व टीम गठित किया गया था। सूचना पर टीम गंगामुंडा तालाब स्थित चौपाटी में पहुंचकर रेड कार्रवाई करते हुए एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राहूल मंडावी 24 साल निवासी सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जा में रखे कैरी बैग से अवैध प्रतिबंधित नशीली टेबलेट 450 नग कीमत 1 लाख 80 हजार बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को विशेष एनडीपीएस न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, प्रभारी एसआई अपसना, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, प्रकाश मनहर, आरक्षक बामन सेन, युवराज ठाकुर व परमानंद भोयर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आरओबी का काम सुस्त, अगले वर्ष जनवरी तक मिला एक्सटेंशन, फिर भी रफ्तार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा रोड स्थित केशलूर रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन होने वाली छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा कराया जा रहा आरओबी निर्माण एक बार फिर सुस्त पड़ गया है। लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से 1900 मीटर लंबे आरओबी और सड़क का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य को जनवरी 2026 तक पूरा किया जाना था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद काम पूरा नहीं हो सका। इसके बाद ठेकेदार को जनवरी 2027 तक का एक्सटेंशन दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी बताई जा रही है। केशलूर रेलवे क्रॉसिंग पर रेलगाड़ियों के आवागमन के दौरान लंबे समय तक फाटक बंद रहने से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगती है। इसी दौरान दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा करीब 5 हेक्टेयर क्षेत्र में आरओबी एवं सड़क निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना पूरी होने के बाद रेलवे क्रॉसिंग पर यातायात का दबाव कम होने के साथ दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगने की उम्मीद है। हाल ही में लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम ने इंजीनियर अजय ⏭ शेष पेज 12 पर

- 1900 मीटर लंबा आरओबी और समय सीमा चुकने पर ठेकेदार पर कार्रवाई की तैयारी



धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

जगदलपुर। खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर बस्तर जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। किसानों से धान की खरीदी के लिए उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। खरीदी के दौरान किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए केंद्रों पर तौल, बारदाना, धान के रखरखाव और परिवहन की व्यवस्था को लेकर तैयारी करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। धान खरीदी शुरू होने से पहले किसानों के पंजीयन और रकबे का सत्यापन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासन द्वारा पंजीकृत किसानों की जानकारी के आधार पर खरीदी की व्यवस्था तैयार की जाएगी। खरीदी केंद्रों पर किसानों से निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार धान लिया जाएगा। इसके बाद धान के सुरक्षित भंडारण और समय पर उठाव की व्यवस्था की जाएगी। धान खरीदी के दौरान सबसे बड़ी चुनौती बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केंद्रों से धान के समय पर उठाव की रहती है। पिछले वर्षों में कई केंद्रों पर धान का उठाव नहीं होने से जगह की कमी और किसानों को परेशानी जैसी स्थिति सामने आती रही ⏭ शेष पेज 12 पर



दशहरा और नवरात्रि को लेकर बाजारों में बढ़ी भीड़, मुख्य आयोजन 10 से 22 अक्टूबर के बीच

त्योहारी सीजन में नगर निगम की सफाई व्यवस्था की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नवरात्रि और बस्तर दशहरा के चलते शहर में त्योहारी गतिविधियां तेज होने लगी हैं। आने वाले दिनों में बाजारों, प्रमुख मार्गों और धार्मिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही नगर निगम की सफाई व्यवस्था की भी परीक्षा होगी। शहर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और बाहर से आने वाले लोगों की मौजूदगी को देखते हुए नियमित सफाई के साथ कचरा उठाव और नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा का मुख्य चरण 10 से 22 अक्टूबर के बीच आयोजित होगा। इसके अंतर्गत 21 अक्टूबर को भीतर रैनी और 22 अक्टूबर को बाहर रैनी का भव्य आयोजन किया जाएगा। त्योहारी सीजन में बाजारों में अस्थायी दुकानें, खाद्य सामग्री के स्टॉल और बढ़ती भीड़ के कारण सामान्य दिनों की तुलना में कचरा भी अधिक निकलता है। प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, मंदिरों और दशहरा से जुड़े आयोजन स्थलों के आसपास अतिरिक्त सफाई अमले की जरूरत महसूस की जा रही है। शहरवासियों का कहना है कि त्योहारी दिनों में केवल मुख्य सड़कों की सफाई पर्याप्त नहीं है। बाजारों के पीछे के हिस्सों, गलियों, नालियों और सार्वजनिक ⏭ शेष पेज 12 पर



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई

हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ के बाद शहर के प्रभावित इलाकों में नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाया है। प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया गया। त्योहारी तैयारियों के साथ बाढ़ के बाद बची गंदगी, कीचड़ और जलजमाव वाले स्थानों की सफाई भी महत्वपूर्ण है ताकि भीड़ बढ़ने से पहले संक्रमण का खतरा टाला जा सके।

सफाई अमले पर बढ़ा दबाव

त्योहारी दिनों में सफाई कर्मचारियों पर काम का दबाव बढ़ना तय है। निगम ने हाल ही में सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों के सम्मान के साथ उन्हें सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की थी। अब त्योहारी भीड़ के दौरान इन्हीं कर्मचारियों के माध्यम से शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखना होगा।

कुटुमसर-तीरथगढ़ में चला व्यापक स्वच्छता अभियान

कांगेर घाटी को प्लास्टिक मुक्त बनाने अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में बुधवार को प्लास्टिक मुक्त कांगेर घाटी अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत कुटुमसर और तीरथगढ़ पर्यटन क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट एकत्र किए गए। राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन ने आगामी एक जनवरी से पहले कांगेर घाटी को प्लास्टिक-मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कुटुमसर क्षेत्र में कुटुमसर गुफा परिसर से मुख्य गेट तक तथा तीरथगढ़ में पार्किंग क्षेत्र से जलप्रपात क्षेत्र, आसपास के मार्गों और नेचर ट्रेल के विभिन्न हिस्सों में सफाई की गई। अभियान में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ भारतीय मानव ⏭ शेष पेज 12 पर

- एक जनवरी से पहले जीरो प्लास्टिक का लक्ष्य



सफाई के साथ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्वच्छता अभियान में राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय ग्रामीण, गाइड, सरपंच, ईडीसी, जिप्सी प्रबंधन समिति, पर्यटन विकास समिति, बम्बू राफ्टिंग समिति, रेडक्रॉस, भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण और अन्य मैदानी कर्मचारी शामिल हुए। इससे अभियान में व्यापक जनभागीदारी दिखाई दी। कुटुमसर गुफा और तीरथगढ़ जलप्रपात क्षेत्र में प्लास्टिक कचरा हटाने के साथ लोगों को प्लास्टिक कम करें, प्रकृति बचाएं का संदेश दिया गया। प्रबंधन ने पर्यटकों से भी पर्यटन स्थलों पर प्लास्टिक न फेंकने और कचरे का उचित निपटान करने की अपील की।

शपथ लेकर लिया प्लास्टिक त्याग का संकल्प

अभियान के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने प्लास्टिक मुक्त कांगेर घाटी के लिए शपथ ली। उन्होंने कांगेर घाटी की प्राकृतिक संपदा, जंगल, जलस्रोत, वन्यजीव और जैव विविधता के संरक्षण के साथ प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा उसके उचित निपटान के लिए प्रयास करने का संकल्प लिया। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को जीरो प्लास्टिक की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अभियान शुरू किया गया है। प्रबंधन के अनुसार यह पहल केवल पर्यटन स्थलों की सफाई तक सीमित नहीं रहेगी। स्थानीय समुदाय, पर्यटन हितधारकों, युवाओं, विभिन्न विभागों और प्रकृति प्रेमियों की निरंतर भागीदारी से लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने का प्रयास किया जाएगा।

खबर संक्षेप



नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कोण्डागांव। जिला पुलिस ने नाबालिग को बहला–फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी पवन कोर्राम 20 वर्ष, निवासी पटेलपारा, बालासार द्वारा प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने घर ले जाया गया तथा शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अलग-अलग धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपी को उसके घर से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। आरोपी को 6 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

फरसगांव में सेवा सेतु शिविर में 32 आवेदन प्राप्त

फरसगांव। नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड 3 स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर स्तरीय सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। दो हितग्राहियों को पोषण किट वितरित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन, गोदभराई कार्यक्रम तथा उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 10 हितग्राहियों को नवीन आवास प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए। राजस्व विभाग ने किसानों को किसान किताब एवं खसरा विवरण वितरित किया। शिविर में नगरीय प्रशासन, राजस्व, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और लोगों की समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया पूरी की।

नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की दी प्रस्तुति



केशकाल। दंडकारण्य महाविद्यालय केशकाल में सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राजनीतिक कार्यकाल के 25 वर्षों के दौरान देश में हुए विभिन्न विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी पहलों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन तक पहुंचाना रहा। मुख्य अतिथि नगर पंचायत केशकाल के पार्षद सुदर्शन कुंजाम थे। वहीं विशिष्ट अतिथि युवा भाजपा कार्यकर्ता यश राठी एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी डिगेश मोदी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एसडी सोनवानी ने की। कार्यक्रम की संयोजक जयश्री साहू रहीं। एनएसएस के 35 छात्रों ने नुक्कड़ नाटक में विभिन्न पात्रों का जीवंत अभिनय करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं तथा उनके कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने संवाद, अभिनय एवं मंचन के माध्यम से योजनाओं और विकास कार्यों को सरल एवं रोचक तरीके से दर्शकों तक पहुंचाया।

क्रिकेट के मैदान पर दिखेगा पुलिस का दम



फरसगांव। बस्तर संभाग की सात जिलों की पुलिस टीमें अब क्रिकेट के मैदान पर अपना दमखम दिखाएंगी। पुलिस विभाग की ओर से सेवन डिस्ट्रिक्ट्स–वन फोर्स, वन स्पिरिट थीम पर बस्तर पुलिस क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कोण्डागांव, नारायणपुर, कांकेर, बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की पुलिस टीमें हिस्सा लेंगी। 8 से 10 अक्टूबर तक पुलिस लाइन कोण्डागांव में आयोजित होने वाली इस लीग में सातों जिलों की टीमें क्रिकेट मुकाबलों में आमने-सामने होंगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को इयूटी के साथ खेलों से जोड़ते हुए खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और आपसी समन्वय को मजबूत करना है। लीग में बस्तर बायशन, कोंडागांव सुपर किंग्स, दंतेवाड़ा डेयरडेविल्स, बीजापुर ब्लास्टर्स, सुकमा सुपर जायंट्स, नारायणपुर निंजास और कांकेर नाइट राइडर्स की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में शामिल टीमों के लिए प्रायोजकों की भी घोषणा की गई है।

जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

सेवा संकल्प अभियान में फरसगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत चांदागांव में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत चांदागांव की सरपंच जानकी नेताम ने की। इस अवसर पर जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकुराम राम नेताम, नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष प्रशांत पात्र, ग्राम पंचायत चरखई की सरपंच प्रमिला, सरपंच संघ अध्यक्ष झाड़ी राम सलाम, जनपद सदस्य सुकड़ू मंडावी, विजय मरकाम, प्रवीर बदेशा, मंजू मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों का गोद भराई एवं 4 हितग्राहियों का अन्नप्राशन कराया गया। 8 हितग्राहियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उद्यान विभाग द्वारा 15 पौधों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 जन्म प्रमाण पत्र एवं 14 आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के 13 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई।

विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राही हुए लाभान्वित

ग्रामीणों से मिले 65 आवेदन

जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 65 आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों का विभागवार संकलन कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा गया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को उनके आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही एवं शासन की संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई।



विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, सामग्री एवं कीट वितरित किए गए। राजस्व विभाग के 82, वन विभाग के 15, शिक्षा विभाग के 12, मत्स्य विभाग के 5 तथा पशुधन विभाग के 8 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

गुण्डाधूर महाविद्यालय में सेक्टर स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

मर्दापाल ने जीती गुण्डाधूर ट्रॉफी, कांकेर को हराकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के खेल कैलेंडर के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में शासकीय नवीन महाविद्यालय, मर्दापाल ने भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर को पराजित कर गुण्डाधूर ट्रॉफी अपने नाम की।

- नागेश बने फाइनल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और गुड्डू रहे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। मर्दापाल और कांकेर की टीमों के बीच हुए मुकाबले में मर्दापाल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 21–25, 25–23, 12–25 के अंतर से कांकेर को पराजित किया। कांकेर की टीम को उपविजेता का खिताब मिला। इस जीत के साथ मर्दापाल की टीम अब तिल्दा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कांकेर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेगी। पूरी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शासकीय नवीन महाविद्यालय, मर्दापाल के नागेश को फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले मर्दापाल के गुड्डू को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि "कलाकार को मंच चाहिए और खिलाड़ी को मैदान।" उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलना जरूरी है और इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती हैं। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि इससे अनुशासन, नेतृत्व, धैर्य, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों, क्रीड़ा अधिकारियों, निर्णायकों एवं विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं। प्रतियोगिता में किरण नाग, रविशंकर तोमर, राजुला नाग, गुप्तेश्वर नाग एवं रमेश्वर राव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। आयोजन के सफल संचालन में रघुवर सिंह ध्रुव, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय पंखाजूर ने पर्यवेक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं सुधीर सोवानी, हुमन राम यदु एवं सुनील देव जोशी ने चयनकर्ता के रूप में दायित्व निभाया। चेतन श्रीवास्तव, सावन कुमार एवं नीरज कुमार पटेल का भी आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



नौ महाविद्यालयों की टीमों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय नवीन महाविद्यालय मर्दापाल, स्वामी आत्मानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर, शासकीय नवीन महाविद्यालय दुर्गूकोंदल, चौतू गयता आलोर शासकीय महाविद्यालय फरसगांव, शासकीय महाविद्यालय भानुप्रतापपुर, रामकृष्ण मिशन महाविद्यालय नारायणपुर, सरोना महाविद्यालय तथा मेजबान शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव की टीमों ने हिस्सा लिया।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में कोण्डागांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान डीजेवर गौतम उर्फ राजपूत 22 वर्ष, निवासी मेलावापदर पारा, कोण्डागांव के रूप में हुई है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 5 अक्टूबर को प्रार्थी ने थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 1 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को घर से ले जाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर थाना कोण्डागांव में धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना एवं पतासाजी शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने लगातार पतासाजी करते हुए 05 अक्टूबर को नाबालिग पीड़िता को कोण्डागांव के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र से बरामद किया।

- पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दबोचा

पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ एवं विवेचना के दौरान नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किए जाने के तथ्य सामने आए। पीड़िता के कथन एवं विवेचना में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 64(1), 64(2)(ड) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 जोड़ी गई।

पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने के पश्चात उसे 6 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दी गई और आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने ली विशेष अपराध समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस कार्यालय, कोण्डागांव में विशेष अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा भा.पु.से. ने की। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी तथा थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था, लंबित अपराध प्रकरणों, शिकायतों के निराकरण, विवेचना की प्रगति तथा विभिन्न पुलिस शाखाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने गंभीर एवं लंबित अपराधों की विवेचना शीघ्र पूर्ण कर न्यायालय में समय पर चालान प्रस्तुत करने को कहा, ताकि प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सके और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, लंबित समन एवं वारंटों की शत–प्रतिशत तामिली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आदतन अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने नियमित रात्रि गश्त, सीमावर्ती क्षेत्रें में सघन चेकिंग तथा विजिबल पुलिसिंग को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्रें में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा। सोशल मीडिया की लगातार निगरानी कर अफवाह एवं भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साइबर अपराध, ऑनलाइन बैंकिंग एवं एटीएम धोखाधड़ी से बचाव, डिजिटल सुरक्षा तथा यातायात नियमों को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को सामुदायिक पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने तथा ग्राम स्तर पर जनसंवाद बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने और उनकी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने कहा। न्यायालयीन प्रकरणों में बेहतर परिणाम के लिए अभियोजन अधिकारियों के साथ समन्वय मजबूत करने तथा दोषसिद्धि प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



कॉप ऑफ द मंथ' से तीन पुलिसकर्मी सम्मानित

कॉप ऑफ द मंथ' सम्मान उप पुलिस अधीक्षक स्निग्धा सिंह, निरीक्षक आलोक साहू तथा प्रधान आरक्षक पन्नालाल देहारी को प्रदान किया गया।

'एम्पलाई ऑफ द मंथ' सम्मान भी प्रदान

'एम्पलाई ऑफ द मंथ' सम्मान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रधान आरक्षक लुमन सिंह मण्डारी, आरक्षक बालचन्द नेताम तथा आरक्षक बीजू यादव को प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

पेज 11 के शेष

बस्तर दशहरा के विजय ....

माड़पाल के पुजारी भानुप्रताप, पुजारी गुप्तेश ठाकुर, योगेश ठाकुर, पीताम्बर ठाकुर, मुरली सिंह, देवेंद्र राठौर, प्रकाश रावल, विक्रम ठाकुर, मनोज जंगम, विवेक जैन, निखिल दास, धीरज मेहरा सहित अन्य रथ निर्माण कारीगर उपस्थित थे।

आरओबी का काम ...

कुमार गहलोत के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण की प्रगति और मौके की स्थिति का जायजा लिया गया। विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

फाटक बंद होते ही बढ़ता है खतरा : केशलूर रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेनों के गुजरने के दौरान फाटक बंद होने से दोनों ओर वाहनों की कतार लग जाती है। लंबे समय तक फाटक बंद रहने और बढ़ते यातायात के कारण यहां दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। आरओबी बनने के बाद वाहनों को रेलवे क्रॉसिंग से ऊपर से निकालने की सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी सुगम होने की उम्मीद है।

समय सीमा खत्म, अब कार्रवाई की तैयारी : लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा करने की निर्धारित समय सीमा समाप्त हो चुकी है। ठेकेदार को जनवरी 2027 तक का एक्सटेंशन दिया गया है। इसके बावजूद यदि कार्य निर्धारित अवधि में पूरा नहीं किया जाता है तो ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

धान खरीदी को ...

है। इस बार ऐसी स्थिति से बचने के लिए खरीदी के साथ ही परिवहन और भंडारण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने की तैयारी है। धान बेचने के बाद किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत भुगतान किया जाता है। प्रशासनिक स्तर पर खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी रखने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा। बस्तर जैसे आदिवासी बहुल जिले में धान खरीदी किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से सीधे जुड़ी हुई है। इसे देखते हुए प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

त्योहारी सीजन में ...

स्थलों पर भी नियमित सफाई होनी चाहिए। नगर निगम के सामने अब चुनौती यह है कि बढ़ती भीड़ के बीच शहर की सफाई व्यवस्था को लगातार बनाए रखा जाए और किसी भी क्षेत्र में कचरे का ढेर नजर न आए।

कांगेर घाटी को ...

विज्ञान सर्वेक्षण, रेडक्रॉस, स्थानीय ग्रामवासी, जिप्सी प्रबंधन समिति, धुरवा नृत्य दल, ईडीसी, गाइड, सरपंच, मैदानी कर्मचारी, कुटुमसर मैना मित्र, पर्यटन विकास समिति और बब्बू राफ्टिंग समिति के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार ने प्लास्टिक से पर्यावरण और वन्यजीवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक आसानी से विघटित नहीं होता और लंबे समय तक पर्यावरण में बना रहता है। इसका अनुचित निपटान वन्यजीवों और घरेलू पशुओं के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। कई बार पशुओं द्वारा प्लास्टिक खा लिए जाने से यह उनके पाचन तंत्र में जमा हो जाता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और कई बार यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा प्राकृतिक और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने पर जोर दिया।

शिक्षक मोहनलाल की संदिग्ध मौत की मजिस्ट्रेट जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगनपुर में पदस्थ रहे स्व. मोहनलाल मरकाम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के मामले में उनकी पत्नी कांति मरकाम ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अब तक उनके पति की मृत्यु के ठोस कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। मामले में कार्रवाई नहीं होने से उन्होंने रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री कार्यालय में आवेदन सौंपा तथा महिला आयोग में डॉ. ममता साहू से मुलाकात कर अपनी शिकायत से अवगत कराया। कांति मरकाम के अनुसार, उन्होंने इस मामले को लेकर तीन बार जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात की। वहीं केशकाल नगर निरीक्षक के कार्यालय के भी पांच बार चक्कर लगाए, लेकिन उनका आरोप है कि इसके बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने बताया कि इस बीच सूचना रिपोर्ट के आधार पर बयान लिए गए हैं। ग्राम पंचायत और खंड शिक्षा कार्यालय की ओर से भी जांच समितियां गठित कर बयान लिए गए, लेकिन परिवार का कहना है कि अब तक मामले में कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

महिला शिक्षिका से विवाद का भी किया उल्लेख

परिवार ने अपनी शिकायत में विद्यालय में पदस्थ एक महिला शिक्षिका के साथ स्व. मोहनलाल मरकाम के विवाद का भी उल्लेख किया है। कांति मरकाम का आरोप है कि उक्त शिक्षिका अतिशेष होने के बावजूद तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी के मौखिक आदेश पर अपने मूल विद्यालय के स्थान पर सिंगनपुर विद्यालय में कार्य कर रही थीं। उनका यह भी दावा है कि शिक्षिका द्वारा अपनी उपस्थिति शिक्षकों के मूल रजिस्टर में दर्ज नहीं की जाती थी और इसके लिए अलग पंजी का उपयोग किया जाता था। परिवार ने इस व्यवस्था से जुड़े लिखित आदेश एवं संबंधित दस्तावेजों की भी जांच किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि बिना लिखित आदेश के लंबे समय तक किसी अन्य विद्यालय में पदस्थ रहने के मामले की भी जांच आवश्यक है।

बहस के बाद तबीयत बिगड़ने का दावा

कांति मरकाम के अनुसार, घटना के दिन उनके पति स्वस्थ अवस्था में विद्यालय पहुंचे थे और उन्होंने अध्यापन कार्य भी किया था। उनका आरोप है कि विद्यालय में हुई बहस के बाद स्व. मोहनलाल मरकाम के सीने में दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें केशकाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। परिवार का कहना है कि उनकी मृत्यु को लेकर अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग जानकारी सामने आई है।

साइबर जागृति अभियान में कोण्डागांव प्रदेशभर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए गए साइबर जागृति अभियान में कोण्डागांव जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। अभियान के समापन पर जारी आंकड़ों के अनुसार कोण्डागांव में कुल 74,797 साइबर जागरूकता गतिविधियां दर्ज की गईं। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्र के नेतृत्व, मार्गदर्शन और जिले के पुलिस अधिकारियों–कर्मचारियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम बताई गई है। प्रदेश में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक अभियान चलाया गया था। विभिन्न जिलों में स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, संस्थानों और अन्य माध्यमों से साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाया गया। अभियान के आंकड़ों में कोण्डागांव 74,797 गतिविधियों के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं दुर्ग 64,840, बिलासपुर 55,063, गरियाबंद 47,067 और मुंगेली 36,577 गतिविधियों के साथ क्रमशः अगले स्थानों पर रहे। इस तरह कोण्डागांव ने दूसरे स्थान पर रहे दुर्ग से 9,957 अधिक गतिविधियां दर्ज कर अपनी बढ़त कायम की। साइबर जागृति अभियान के दौरान प्रदेश के 34 जिले अभियान से जुड़े। पूरे राज्य में कुल 5,42,370 एंट्री दर्ज की गईं और 2,03,30,879 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। अभियान की अवधि 7 सप्ताह रही। इन आंकड़ों में कोण्डागांव का प्रथम स्थान हासिल करना जिले में संचालित व्यापक साइबर जागरूकता गतिविधियों की उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में सामने आया है। अभियान की सफलता का श्रेय कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्र के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के साथ जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगातार मेहनत को दिया गया है। अभियान के दौरान पुलिस ने अलग–अलग माध्यमों से नागरिकों को साइबर ठगी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। पत्रकारों के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम, क्विक क्विज सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें यूपीआई फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवाईसी कॉल, संदिग्ध लिंक और एपीके फाइल, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा ऑनलाइन निवेश के नाम पर होने वाली ठगी से बचाव की जानकारी दी गई।

- एसपी पंकज चंद्र के नेतृत्व में जिले ने रचा नया कीर्तिमान

अभियान के माध्यम से नागरिकों को ओटीपी, पिन और पासवर्ड किसी से साझा नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, संदिग्ध ऐप डाउनलोड नहीं करने तथा ऑनलाइन लेन–देन में सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया गया। साइबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल 1930 पर शिकायत करने की अपील भी की गई।



खबर संक्षेप

एएएम-पीएचसी चेरपाल गुणवत्ता प्रमाणित घोषित



बीजापुर। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी चेरपाल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र नई दिल्ली द्वारा एनक्यूएएस के अंतर्गत गुणवत्ता प्रमाणित घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत बीजापुर के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बीजापुर के निर्देशन में जिले में स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर हुए बाह्य मूल्यांकन में पीएचसी चेरपाल ने 6 विभागों के निर्धारित सभी मानकों को पूरा करते हुए 92.11 प्रतिशत का उत्कृष्ट ओवरऑल स्कोर प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर डीपीएम, बीएमओ, बीपीएमव पीएचसी प्रभारी, प्रशासनिक टीम एवं पीएचसी चेरपाल के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। यह उपलब्धि टीम के समर्पण, बेहतर प्रबंधन एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

प्राथमिक शाला में हुआ न्योता भोज



गीदम। गीदम संकुल के उच्च प्राथमिक शाला सोनारपारा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। नीरज गुप्ता व मुस्कान गुप्ता ने अपने बेटे के नाम पर विद्यालय के बच्चों को न्योता भोज कराया। गुप्ता परिवार द्वारा समाजहित और बच्चों के कल्याण की दिशा में यह एक अनूठी पहल की गई। स्वादिष्ट और पौष्टिक भोज का आनंद लेते हुए बच्चों के चेहरे खिल उठे। संकुल प्राचार्य अवधेश अवस्थी, संकुल समन्वयक योगेश सोनी व शाला परिवार एवं शिक्षकों ने गुप्ता परिवार द्वारा बच्चों के प्रति दिखाई गई आत्मीयता सराहा। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में परस्पर प्रेम, भाईचारा और सामुदायिक जुड़ाव की भावना मजबूत होती है।

विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

मां दंतेश्वरी की पावन धरा से निकली सेवा ज्योति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं 25 वर्षों के निरंतर जनसेवा के अवसर पर जिले में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

- सेवा और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश

मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर, मेंढका डोबरा से प्रारंभ हुई सेवा ज्योति यात्रा मसाल प्रज्ज्वलित कर स्टेट बैंक चौक तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवा, किसान, श्रमिक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि मां दंतेश्वरी की पावन धरा से सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के दौरान विभिन्न जनसेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन और राष्ट्रसेवा के सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि एक साधारण परिवार से निकलकर उन्होंने कठिन संघर्षों के बीच राष्ट्रसेवा को अपना जीवन समर्पित किया। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सेवा, सुशासन और विकास को प्राथमिकता देते हुए देश को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही पूरा होगा।

मां दंतेश्वरी की पावन भूमि से प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'सेवा ही संगठन' की भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी शिवनारायण पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, राजू जायसवाल, रूबी शैलेन्द्र सिंह, सुभद्रा नेगी,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, सुकालू मुडामी,सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान, मुन्ना मरकाम व कार्यकर्ता, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि, युवा तथा अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना





विकसित भारत के संकल्प को जनमानस से जोड़ना

भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। बस्तर सहित दंतेवाड़ा के युवा, किसान, श्रमिक और नागरिक इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान दंतेवाड़ा में इसी स्थल पर 'विकसित भारत संकल्प सेवा चौक' के निर्माण की घोषणा भी हुई है। सेवा चौक का उद्देश्य सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को स्थायी रूप से जनमानस से जोड़ना है।सेवा ज्योति यात्रा के दौरान सेवा ज्योति रथ को मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर, मेंढका डोबरा से रवाना किया गया। मशाल प्रज्ज्वलित कर शुरू हुई यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेट बैंक चौक पहुंची। यात्रा में उत्साह के साथ शामिल नागरिकों ने विकसित भारत-2047 के संकल्प को दोहराया।

छात्राओं को मिली साइकिल, शिक्षा के प्रति बढ़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआंकोंडा में विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता 'मेरे सपनों का भारत' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने विचारों और कल्पनाओं के माध्यम से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत की।

- शिक्षा को आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बनाएं : सांसद



विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वच्छता, तकनीक, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और देश के विकास जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को चित्रों एवं भाषण के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा की भूमि रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने पूरे विश्व को ज्ञान देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज शासन के प्रयासों से शिक्षा की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ी है। पहले विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन अब गांवों में प्राथमिक विद्यालय, समीपस्थ क्षेत्रों में माध्यमिक विद्यालय तथा विकासखंड मुख्यालयों में उच्चतर शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे शिक्षा को अपने जीवन में आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बनाएं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करें।

सांसद ने छात्राओं के लिए संचालित सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से संचालित इस योजना से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिली है और दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं को अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखने में मदद मिली है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क बेहतर होने से विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है। सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा भाव और सार्वजनिक जीवन की यात्रा से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे बड़े सपने देखें, लक्ष्य निर्धारित करें और अनुशासन एवं मेहनत के साथ उन्हें हासिल करने का प्रयास करें। 'मेरे सपनों का भारत' प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचारों को रचनात्मक तरीके से व्यक्त करने का अवसर मिलना भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर कक्षा छठवीं की 50 छात्राओं को सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरित की गई। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। छात्राओं ने कहा कि साइकिल मिलने से उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और नियमित रूप से स्कूल पहुंचकर पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी छात्राओं को शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी को अपनाते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आगामी पर्व को देखते हुए मिष्ठान व खाद्य प्रतिष्ठानों में किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मिली अनुसार आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई दुकानों का सतत एवं सघन निरीक्षण के साथ अवमानक, मिथ्याछाप, गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। उपरोक्त निर्देश के परिपालन में 6 अक्टूबर को फर्म राकेश किराना स्टोर, शहीद चौक बारसूर, मे. रवि इंटरप्राईजेस, शहीद चौक बारसूर, मे. संजय किराना स्टोर, बारसूर, मे. साहू किराना स्टोर, शहीद चौक बारसूर, मे. शुभम जनरल स्टोर, शहीद चौक बारसूर एवं 7 अक्टूबर को में सोनू किराना स्टोर, बस स्टैण्ड, दन्तेवाड़ा में न्यू राजस्थानी भोजनालय, गीदम, मे. प्रदीप किराना, गीदम, मे. प्रिया डेली नीड्स, हीरानार, गीदम में निरीक्षण किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मिठाई दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई दुकानों का निरीक्षण एवं नमूना संकलन सतत रूप से जारी रहेगी।

हल्दीमारी में पेयजल संकट हैंडपंप सुधार की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

नारायणपुर विधानसभा के भानपुरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़े आमाबाल के आश्रित गांव हल्दीमारी में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहरा गया है। गांव के अधिकांश हेडपंप खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- आदिवासी कांग्रेस ने पीएचई विभाग को सौंपा ज्ञापन

समस्या को लेकर 6 अक्टूबर को आदिवासी कांग्रेस कमेटी भानपुरी ब्लॉक अध्यक्ष बबलू बघेल के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जगदलपुर स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की और जल्द से जल्द हेडपंपों की मरम्मत कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि हल्दीमारी में लगे हेडपंप महीनों से बंद हैं। जल स्तर नीचे जाने और रखरखाव के अभाव में नलों से पानी नहीं आ रहा है। महिलाओं को सुबह-शाम दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, वहीं स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बबलू ने कहा कि यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है। विभाग को कई बार मौखिक रूप से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीएचई विभाग के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही तकनीकी टीम गांव भेजकर खराब हेडपंपों का सर्वे कर मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निराकरण नहीं हुआ तो वे ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सुखचंद मौर्य, दर्जा कश्यप, बुधराम मौर्य, बलदेव मौर्य, मनबोध मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



स्व-सहायता समूह की दीदियों के हुनर को मिला बाजार, कलेक्ट्रेट परिसर में सजा स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित विभिन्न स्थानीय एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का आकर्षक स्टॉल लगाया गया।

- सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों को मिला मंच

स्टॉल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने हुनर, मेहनत और स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। कलेक्ट्रेट में आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने स्टॉल का अवलोकन कर समूह की दीदियों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की। इस पहल के माध्यम से महिलाओं के उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का अवसर भी उपलब्ध हुआ। महिलाओं के हुनर को बाजार से जोड़ने की पहल- स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आज केवल बचत और ऋण गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़कर उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए स्टॉल ने महिलाओं को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने, ग्राहकों से सीधे संवाद करने और बाजार की मांग को समझने का अवसर प्रदान किया। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य स्व-सहायता समूह की महिलाओं के हुनर और मेहनत को पहचान दिलाने के साथ उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की बाजार तक पहुंच बढ़ाना है। स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने से समूह की महिलाओं के लिए नियमित आय के नए अवसर विकसित होंगे और उनका आर्थिक सशक्तिकरण भी मजबूत होगा।

स्थानीय उत्पादों को पहचान, दीदियों को आय के नए अवसर- स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान और महिलाओं के कौशल का परिणाम हैं। ऐसे उत्पादों को शासकीय कार्यालयों, स्थानीय आयोजनों, मेलों एवं अन्य सार्वजनिक मंचों के माध्यम से प्रदर्शित करने से उनकी पहचान बढ़ने के साथ बिक्री की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। स्टॉल के माध्यम से समूह की दीदियों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए एक प्रभावी मंच मिला। साथ ही उपभोक्ताओं को भी स्थानीय स्तर पर निर्मित गुणवत्तापूर्ण उत्पादों से परिचित होने और उन्हें खरीदकर ग्रामीण महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने का अवसर मिला।

फरसीगांव में युवा जनजागरण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ग्राम पंचायत फरसिगांव में आयोजित युवा जनजागरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से मुलाकात कर युवा शक्ति की भूमिका, सामाजिक जागरूकता और क्षेत्र के विकास को लेकर संवाद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को जागरूक होना पड़ेगा, तभी गांव का विकास संभव होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि गांव में भाजपा-कांग्रेस की राजनीति छोड़कर विकास और सामाजिक सरोकारों के लिए एकजुट हों। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक ने युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जुड़कर सकारात्मक बदलाव में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान युवाओं ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों एवं समस्याओं को लेकर विधायक के समक्ष अपनी बात रखी। उपस्थित लोगों ने युवा जनजागरण की इस पहल को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

इस अवसर पर मानसिंग कवासी, लखेश्वर कश्यप, मोना पाड़ी फरसीगांव के महिला पुरुष युवा बच्चे एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचा छात्रावास परिवार, बांटी राहत सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

ग्राम पंचायत आड़ावाल, नारायणपाल विकासखंड बस्तर में बाढ़ की मार झेल रहे परिवारों के बीच छात्रावास एवं आश्रम विकासखंड बस्तर के अधीक्षक-अधीक्षिकाओं ने पहुंचकर उनके दुख-दर्द को करीब से जाना। यह राहत एवं सहयोग कार्य जिला सहायक आयुक्त गणेश राम सोरी के निर्देशन में किया गया। बाढ़ के कारण कई परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की चुनौती खड़ी हो गई है। ऐसे कठिन समय में अधीक्षक-अधीक्षिकाओं ने प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी परेशानियां सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं।इस दौरान जरूरतमंद परिवारों को मच्छरदानी, साड़ी, चावल, दाल, सब्जी सहित खाद्य एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। साथ ही भविष्य में भी आवश्यकता के अनुसार जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

बाढ़ से प्रभावित परिवारों की पीड़ा को देखते हुए अधीक्षक-अधीक्षिकाओं ने संवेदनशीलता के साथ उनके बीच समय बिताया और उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। आपदा की इस कठिन घड़ी में सहायता मिलने से प्रभावित परिवारों को राहत और संबल मिला।बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी जरूरतों को समझना और संकट की घड़ी में सहयोग प्रदान करना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य रहा। जिला सहायक आयुक्त गणेश राम सोरी के निर्देशन में किए गए इस प्रयास से प्रभावित परिवारों को मानवीय संवेदना के साथ आवश्यक सहायता उपलब्ध हुई। इस अवसर पर कुलन मौर्य, मंडल संयोजक बस्तर, जितेंद्र सोरी, धनेश्वर कश्यप, गोविंद सिंह ठाकुर, शंकर बघेल, गोविंद सिंह भारद्वाज, मनोज कश्यप, चन्द्रमुखी सोरी, दामिनी कश्यप, चंद्रकला कश्यप, लखमी पटेल, गोमती नाग, चेतना नाग, ममता सोरी एवं खेल सिंह खूंटे सहित समस्त अधीक्षक-अधीक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त व्याख्याता भूषण को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

हाईस्कूल गुमड़ा में पदस्थ व्याख्याता भूषण कश्यप के सेवानिवृत्त होने पर संकुल केंद्र गुमड़ा के कन्या पोटा केबिन में बड़े उल्लास के साथ विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, अधिकारियों और ग्रामीणों,

- विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

अतिथियों ने भूषण कश्यप के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया और उनके कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक के रूप में उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सदैव कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य किया। सभी ने भूषण कश्यप को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



उपस्थित शिक्षकों ने उनके साथ बिताए अनुभवों को साझा किया और कहा कि उनका मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायी रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, एपीसी राजेंद्र पांडे, एपीसी राठौर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, ग्राम के गणमान्य नागरिक करन ठाकुर, संकुल प्राचार्य उदय प्रकाश शुक्ला, संकुल समन्वयक गया प्रसाद नाग एवं संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

आमसभा में पट्टे के नाम पर ग्रामीणों को बुलाकर किया गुमराह : इरफान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

बस्तरिया राज मोर्चा युवा मोर्चा के ब्लॉक उपाध्यक्ष इरफान खान ने कोंटा में कांग्रेस द्वारा आयोजित आमसभा पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पट्टा देने के नाम पर गांव-गांव से आदिवासी ग्रामीणों को बुलाकर भीड़ जुटाई गई और उन्हें गुमराह करने का काम किया गया।उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को आदिवासियों की जमीन और पट्टे की इतनी ही चिंता थी, तो जब उनकी सरकार थी तब इन मुद्दों पर ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई, आज भी कोंटा ब्लॉक के अंदरूनी इलाकों में बड़ी संख्या में आदिवासी 5-10 एकड़ और उससे अधिक जमीन पर पीढ़ियों से खेती कर रहे हैं, लेकिन उनके पास जमीन का अधिकार-पत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि 2022 में जब कोंटा में बड़ी बाढ़ आई थी, उस समय भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी। बाढ़ से कोंटा ब्लॉक में हजारों लोग प्रभावित हुए थे और मुआवजे को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया था। उस समय कई प्रभावित परिवारों को लंबे समय तक मुआवजे का इंतजार करना पड़ा और कुछ लोगों को बेहद कम राशि मिलने की शिकायतें सामने आई थीं। उन्होंने कहा कि उसी समय पोलावरम के संभावित डूबान और उससे होने वाले नुकसान को लेकर भी ग्रामीण लगातार अपनी आवाज उठाते रहे, लेकिन उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ। पोलावरम को लेकर 2023 में भी कोंटा क्षेत्र में प्रभावित परिवारों के मुद्दे पर आंदोलन हुआ था।उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार है और कांग्रेस विपक्ष में है, इसलिए पोलावरम और आदिवासी हितों के नाम पर राजनीति की जा रही है। जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि जब सत्ता में रहने का मौका था, तब इन समस्याओं पर ठोस काम क्यों नहीं हुआ।



कोंटा में नगर पंचायत चुनाव नजदीक आते ही पट्टे और पोलावरम जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर राजनीति तेज हो गई है। लेकिन आदिवासी समाज अब केवल भाषण नहीं, जमीन पर अधिकार, उचित सर्वे, मुआवजा और पुनर्वास चाहता है।उन्होंने कहा कि बस्तरिया राज मोर्चा का सवाल साफ है आदिवासियों को चुनाव के समय सिर्फ भीड़ समझना बंद किया जाए। जिन लोगों की जमीन और जीवन प्रभावित होने वाला है, उनका पहले सर्वे हो, जमीन का अधिकार स्पष्ट हो और पोलावरम प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा एवं सम्मानजनक पुनर्वास दिया जाए।

खबर संक्षेप

डैम के नीचे नदी में मिला बुजुर्ग का शव



गीदम। जिले के गीदम थाना क्षेत्र के शीतला माता मंदिर के पास स्थित डैम के नीचे नदी में बुधवार सुबह एक 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर गीदम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। मृतक की पहचान जोड़ातरई निवासी टोंडा लेकामी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार टोंडा लेकामी सोमवार को घर से गीदम अस्पताल जाने की बात कहकर निकले थे, जिसके बाद वे वापस नहीं लौटे। सोमवार को डैम के ऊपर से पानी बह रहा था। आशंका है कि डैम पार करते समय पैर फिसलने से वे नदी में गिर गए। सब इंस्पेक्टर शशिकांत यादव के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

झारावाया और लंकामड़ग गांव 13 दिनों से अंधेरे में





गीदम। बारसूर से लगे हितामेटा और मुचनार के आश्रित गांव झारावाया व लंकामड़ग के ग्रामीण पिछले 13 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बाढ़ के कारण बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे गांवों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद पड़ी है। ग्रामीणों के अनुसार 13 दिन पहले आई बाढ़ ने बिजली के खंभों को नुकसान पहुंचाया था। तब से बिजली बंद है और गांवों में अंधेरा पसरा हुआ है। अंधेरे के कारण ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है और स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। रात के समय घरों में रोशनी न होने से बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसी लाइन से किसान इंद्रावती नदी से पानी खींचकर खेती-किसानी भी करते हैं। बिजली आपूर्ति बंद होने से सिंचाई का कार्य भी ठप हो गया है, जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बारसूर विद्युत विभाग में लिखित आवेदन दिया है और फोन के माध्यम से भी सूचना दी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों ने अब तक कोई हल नहीं निकाला है। इस मामले की जानकारी दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर को भी दी गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 2 दिनों के भीतर विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण और किसान मिलकर आंदोलन करेंगे।

प्रांतीय कार्ययोजना को रफ्तार देने की रणनीति, आयाम प्रमुखों की जल्द होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अधिवक्ता परिषद की बैठक में संगठन विस्तार और समन्वय पर जोर



अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की प्रांतीय कार्ययोजना, संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिला इकाई दुर्ग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की मध्य भारत सह संयोजक झरना बांगर सिंह ने जिला कार्यकारिणी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संगठन के सुचारू संचालन के लिए सभी प्रमुख आयामों के प्रमुखों की घोषणा जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की रीति-नीति और उद्देश्यों को आम अधिवक्ताओं तक पहुंचाना जरूरी है, ताकि अधिक से अधिक अधिवक्ता परिषद की गतिविधियों से जुड़ सकें। सह संयोजक ने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे नए अधिवक्ताओं को संगठन से जोड़ने के साथ ही मातृशक्ति यानी महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी भी बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती निरंतर सक्रियता और व्यापक सहभागिता से ही संभव है। बैठक में बस्तर संभाग प्रमुख सपन देवांगन, जिला संरक्षक सुदर्शन महलवार, जिला अध्यक्ष दीपेन्द्र देशमुख, समीर त्रिपाठी, राजेश महाड़ी, मनोज, कविता गिरी गोस्वामी, मीता साहू, देवेन्द्र साहू एवं अलेन्द्र देवांगन सहित कार्यकारिणी के वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्य शामिल रहे।

नियमित बैठकें करने के निर्देश

संगठन में निरंतरता बनाए रखने के लिए जिला इकाई को नियमित रूप से साप्ताहिक, पाक्षिक अथवा मासिक समन्वय बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की नियमित समीक्षा और इकाइयों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

कृषि महाविद्यालय में 'नमो सेवा अनकही कहानियां' का आयोजन

युवाओं से राष्ट्र निर्माण में जुड़ने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के सभागार में 'नमो सेवा अनकही कहानियां' नाट्य मंचन का गरिमामय आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सांसद महेश कश्यप ने युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी जीवन, उनके संघर्षों और देश के नवनिर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर देश के प्रधान सेवक के पद तक पहुंचना राष्ट्र सेवा, त्याग और अटूट समर्पण का जीवंत प्रमाण है।

सांसद ने वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद कच्छ भूकंप की त्रासदी से राज्य को उबारने, सरदार सरोवर बांध परियोजना और 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माण का स्मरण कराया। उन्होंने बताया कि जनधन योजना के तहत 60 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोलकर बिचौलियों की व्यवस्था समाप्त की गई है, जिससे किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना और छात्रवृत्तियों की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रही है। वहीं 13 करोड़ से अधिक शौचालयों, 15 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन और 4 करोड़ से अधिक पक्के आवासों ने गरीबों को सशक्त किया है।

सामरिक शक्ति और नक्सलवाद पर प्रहार

राष्ट्रीय सुरक्षा पर बात करते हुए सांसद ने कहा कि धारा 370 और 35ए को समाप्त करने के युगांतरकारी निर्णय ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की कमर तोड़ दी है। एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक, एस-400 डिफेंस सिस्टम और स्वदेशी मिसाइल तकनीक ने विश्व में भारत की सामरिक शक्ति का लोहा मनवाया है। बस्तर के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने चार दशकों तक नक्सलवाद की भीषण पीड़ा सही है, लेकिन वर्तमान सरकार के दृढ़ संकल्प और सुरक्षा बलों की वीरता से अब नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है। नई पीढ़ी को शहीद गेंदसिंह, झाड़ा सिरहा और गुण्डाधुर जैसे बलिदानियों के पदचिह्नों पर चलना चाहिए।

युवाओं से भ्रामक दुष्प्रचार से सतर्क रहने की अपील

संबोधन के अंत में महेश कश्यप ने जेन-जी और छात्र वर्ग से विशेष अपील करते हुए कहा कि केवल डिग्री हासिल करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही संस्कार, सकारात्मक विचार और राष्ट्रीय निष्ठा अपनाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने युवाओं को देश विरोधी ताकतों और भ्रामक दुष्प्रचार से सतर्क रहने की सलाह दी। कलाकारों की प्रभावी नाट्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं से रचनात्मक ऊर्जा के साथ आगे आने का आह्वान किया।

पॉलिसी बंद कर जमा राशि नहीं लौटाना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला उपभोक्ता आयोग ने एक प्रकरण में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, जगदलपुर को सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण का दोषी मानते हुए आवेदक द्वारा जमा की गई 56 हजार रुपए की राशि एक माह के भीतर लौटाने का आदेश दिया है। निर्धारित

- एसबीआई लाइफ को 56 हजार रुपए लौटाने के आदेश
- एक माह में भुगतान नहीं किया तो 100 रुपए प्रतिदिन जुर्माना

अवधि में राशि का भुगतान नहीं करने पर कंपनी को 100 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना भी अदा करना होगा। इसके साथ ही मानसिक पीड़ा के लिए 5 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया गया है। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल एवं सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार शहर निवासी सोमन सिंह ठाकुर ने एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से एसबीआई लाइफ स्मार्ट इंश्योरेंस वेल्थ प्लान के तहत बीमा पॉलिसी ली थी। पॉलिसी की किस्तों का भुगतान जगदलपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के खाते से ऑटो डेबिट के माध्यम से किया जा रहा था। वर्ष 2023 में पॉलिसी की देय किस्त का भुगतान नहीं हो सका, जिसके बाद बीमा कंपनी ने पॉलिसी बंद कर जमा राशि को बंद निधि कोष में स्थानांतरित कर दिया। आवेदक का कहना था कि संबंधित तारीख को उसके बैंक खाते में पर्याप्त राशि उपलब्ध थी। इसके बावजूद किस्त की राशि ऑटो डेबिट नहीं की गई और न ही उसे इसकी सूचना दी गई।

शिकायत पर आयोग में हुई सुनवाई

मामले से क्षुब्ध होकर सोमन सिंह ठाकुर ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत प्रस्तुत की। प्रकरण की सुनवाई के दौरान आयोग ने माना कि बीमा कंपनी द्वारा पॉलिसी के लिए जमा की गई राशि वापस नहीं करना सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण की श्रेणी में आता है। आयोग ने कंपनी को आवेदक की 56 हजार रुपए की जमा राशि लौटाने, मानसिक पीड़ा के लिए 5 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने तथा निर्धारित समय में भुगतान नहीं करने पर 100 रुपए प्रतिदिन की दर से जुर्माना अदा करने का आदेश दिया।

क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में ईएमआरएस छिंदावाड़ा का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छिंदावाड़ा के विद्यार्थियों ने क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। ईएमआरएस कारपावंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 10

- 10 स्वर्ण सहित 23 पदक जीते, 15 खिलाड़ी टीम खेलों के लिए चयनित

स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 23 पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के 15 खिलाड़ियों का चयन विभिन्न टीम खेलों के लिए हुआ है।

टेबल टेनिस अंडर-14 बालक वर्ग में करण कुमार पोडियाम ने एकल और तुषार बघेल के साथ डबल्स में स्वर्ण पदक जीता। तुषार ने एकल में रजत पाया। अंडर-14 बालिका वर्ग में गुंजन कश्यप ने एकल और रागिनी मौर्य के साथ डबल्स में स्वर्ण जीता। रागिनी ने एकल में रजत हासिल किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में गौरी नाग ने एकल और कुमारी मोहिनी मौर्य के साथ डबल्स में स्वर्ण जीता। मोहिनी ने एकल में रजत पाया। अंडर-19 बालक वर्ग में अर्जुन बघेल ने डबल्स में स्वर्ण और एकल में रजत पदक हासिल किया। एथलेटिक्स अंडर-19 बालिका वर्ग में नीलेंद्री ने तिहरी कूद में स्वर्ण व लंबी कूद में रजत जीता। बालिका टीम ने 4x400 मीटर रिले में कांस्य पदक पाया। अंडर-19 बालक वर्ग में जितेंद्र ने तिहरी कूद और मयंक ने गोला फेंक में स्वर्ण जीता। अंडर-14 बालक वर्ग में चंदन ने लंबी कूद में रजत व 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता अंडर-19 में लखी मौर्य तथा अंडर-14 में पूजा मौर्य ने रजत पदक जीता।

उत्कृष्ट खेल के आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन टीम खेलों के लिए किया गया है। बालिका फुटबॉल में लालिमा कश्यप, सावित्री नाग, गौरी नाग, श्रेया मौर्य, सुहांशी कश्यप, चांदनी कश्यप, सावित्री सोड़ी व आराबती नाग चुनी गईं। बालक फुटबॉल में हड़मो मरकाम, नारायण नाग, डमरू व समनाथ का चयन हुआ। वॉलीबॉल में पल्लवी मौर्य तथा बास्केटबॉल में धनिशा बघेल व दीपिका कश्यप चयनित हुईं।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. असद अहमद ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जनजातीय अंचल के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उचित अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर ये राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने खेल शिक्षकों सुश्री शिवानी पाठक, अंकित जावला तथा स्टाफ की सराहना की।



बस्तर ओलंपिक में वन मंत्री केदार कश्यप ने कराया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



खेल परिसर धरमपुरा में आयोजित सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा में बस्तर ओलंपिक 2026 को लेकर वन

- इस वर्ष दोगुने पंजीयन का लक्ष्य, मस्कट से हाथ मिलाकर बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

मंत्री केदार कश्यप ने युवाओं और जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। उन्होंने स्वयं बस्तर ओलंपिक में अपना पंजीयन कराया और मस्कट से हाथ मिलाकर फोटो खिंचवाई। इस दौरान चित्रकोट विधायक विनायक गोयल भी मौजूद थे।

वन मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025 में 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया था। इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले दोगुने पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और सरपंचों से स्वयं पंजीयन कराने के साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर अधिक से अधिक खिलाड़ियों को जोड़ने का आग्रह किया।

प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

उन्होंने कहा कि नया बस्तर की पहचान प्रतिभाशाली और आत्मविश्वासी युवाओं से बनेगी। बस्तर ओलंपिक के माध्यम से गांव के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। कश्यप ने सभी से अपील की कि वे स्वयं जुड़ें, दूसरों को जोड़ें और बस्तर ओलंपिक 2026 को हर गांव की भागीदारी का खेल महोत्सव बनाएं ताकि कोई भी प्रतिभावान खिलाड़ी छूटे नहीं।

वन्यजीव संरक्षण की सीख दे रहे बच्चों के रंग



जगदलपुर। वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा वन्यजीव संरक्षण, जैव-विविधता और स्थानीय प्रकृति-ज्ञान के प्रति विद्यार्थियों एवं समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गौतम नारायण पडिभार के मार्गदर्शन में कुटुमसर, दरभा, नेतानार एवं कोलिंग के चार विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को स्थानीय जैव-विविधता और वन्यजीव संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की दुर्लभ एवं संकटग्रस्त वन्यजीव प्रजातियों तथा स्थानीय जैव-विविधता पर आधारित विषय दिए गए। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से माउस डियर, नीलगाय, ब्लैक बाजा, ब्लैक ईगल और पहाड़ी मैना सहित विभिन्न वन्यजीवों को कागज पर जीवंत रूप में उकेरा। प्रतियोगिता ने बच्चों को वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ ही उनके बीच संरक्षण की भावना विकसित करने का माध्यम बनाया। इस पहल में क्षेत्र की आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक प्रकृति-ज्ञान और स्थानीय त्योहारों को भी जागरूकता के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में शामिल किया गया।

- कांगेर घाटी के चार स्कूलों में चित्रकला स्पर्धा, परंपरा में छिपा प्रकृति संरक्षण का संदेश

सिहोरा साहित्य सम्मेलन में जुटे देश भर के साहित्यकार, गंभीर सामाजिक विमर्श के साथ हुआ रचना पाठ

बस्तर की उर्मिला आचार्य को 'सात फेरे दो शव' कहानी के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मध्यप्रदेश के सिहोरा में आयोजित दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन में देश के कोने-कोने से साहित्यकार, कथाकार, कवि और साहित्यप्रेमी शामिल हुए। सम्मेलन में कहानी, बाल कहानी, लघुकथा और कविता के साथ साहित्य के सामाजिक सरोकारों पर गंभीर विमर्श हुआ। इस प्रतिष्ठित मंच पर बस्तर की साहित्यकार उर्मिला आचार्य को उनकी चर्चित कहानी 'सात फेरे दो शव' के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान पूरे बस्तर अंचल के लिए गौरव का विषय है।

कालजयी साहित्य पर मंथन



कार्यक्रम का संयोजन गुरु दयाल कनौजिया ने किया। किस्सा-कोताह के प्रकाशक-संपादक अशोक असफल के सक्रिय प्रयास से विद्वतजनों की संगति हो सकी। उद्घाटन सत्र डॉ. बजरंग बिहारी तिवारी के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने साहित्य सृजन को व्यापक अध्ययन, अनुभव और चिंतन से जोड़ते हुए साहित्य की कालजयी भूमिका पर विचार रखे। इस अवसर पर किस्सा-कोताह के कहानी एवं बाल कहानी विशेषांक का विमोचन भी किया गया।

द्वितीय सत्र में पवन शर्मा, कविता मुकेश, मुकेश पोपली और डॉ. ज्योति गजभिए ने अपनी रचनाओं का पाठ किया, जिसकी समीक्षा डॉ. आशा वर्मा एवं शिवमंगल सिंह ने की। वहीं तृतीय सत्र में मनोरमा पंत, डॉ. प्रेमलता यदु, उर्मिला आचार्य, विनिता राहुरिकर और विजय त्रिवेदी ने अपनी-अपनी कहानियों का प्रभावी पाठ किया। इस सत्र की समीक्षा एवं संचालन राज नारायण बोहरे ने किया।

साहित्यकार हुए पुरस्कृत

कहानी विधा में उल्लेखनीय योगदान के लिए उर्मिला आचार्य, मनोरमा पंत, हंसा बिश्नोई, डॉ. ज्योति गजभिए, डॉ. विनीता राहुरिकर, डॉ. प्रेमलता यदु, बलबीर सिंह पाल और कविता मुकेश को नीलिमा करैया तथा अनीता राज ने प्रमाण-पत्र, नकद राशि एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किए। इस सम्मान समारोह में कविता पाठ के साथ मंच संचालन बस्तर की साहित्यकार सुषमा झा ने किया। आयोजन में राज नारायण बोहरे, रामगोपाल भावुक, शिवमंगल सिंह, मनोरमा पंत, हंसा बिश्नोई, डॉ. प्रेमलता यदु, विनीता राहुरिकर सहित अनेक वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित रहे।

